# भारतीय शिक्षा बोर्ड

## मॉडल प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक परीक्षा

## हिंदी - कक्षा 5

## सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय:** 2 घंटा **अधिकतम अंक**: 50

**निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में 03 मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय दिया गया है। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल चौदह प्रश्न है और सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्न संख्या 1, 2 एवं 3 के लिए 5 अंक निर्धारित किये गये है।
- प्रश्न संख्या 4 के लिए 6 अंक निर्धारित किये गये है।
- प्रश्न संख्या 5, 6, 10 एवं 11 के लिए 3 अंक निर्धारित किये गये है।
- प्रश्न संख्या 7, 8, 9, 12 एवं 14 के लिए 2 अंक निर्धारित किये गये है।

---

प्रश्न 1. **सही विकल्प पर सही का (✓) चिह्न लगाइए -** **(1×10=10)**

(1) अष्टावक्र के पिता का क्या नाम था?

(क) महर्षि संदीपन (ख) महर्षि कठोर (ग) महर्षि कहोड

(2) जीतने वाले को कितनी गाय मिलनी थी?

(क) 3000 (ख) 2000 (ग) 1000

(3) मेघनाद ने किस क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त की थी?

(क) खगोलीय क्षेत्र में (ख) योग के क्षेत्र में (ग) संगीत के क्षेत्र में

(4) मेघनाद की पत्नी का पूरा नाम क्या था?

(क) राधा रानी साहा (ख) राधा (ग) राधा रानी

(5) किस ऋतु में कोयल कूकती है?

(क) शरद (ख) वसंत (ग) वर्षा

(6) प्रेम रूपी धागा टूटने पर क्या होता है?

(क) गांठ पड जाती है (ख) प्रेम बढ जाता है (ग) प्रेम कम हो जाता है

(7) चूहें ने किस पर अपना अधिकार कर लिया?

(क) अलमारी पर (ख) खाने पर (ग) घर पर

(8) लेखक ने चूहे को क्या खाने को दिया?

(क) पापड (ख) फल (ग) बिस्कुट

(9) राजा को स्वप्न में किसके दर्शन हुए थे ?

(क) रानी के (ख) देवदार की देवी के (ग) प्रजा के

(10) भारत के उत्तर में कौन सा पर्वत है?

(क) विंध्याचल (ख) अरावली (ग) हिमालय

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्द के अर्थ लिखिए -** **(1×5=5)**

(1) पश्चाताप ______________________

(2) प्रयोजन ______________________

(3) प्रस्थान ______________________

(4) अनुसंधान ______________________

(5) समाधान ______________________

**प्रश्न 3. दस दिशाओं के नाम लिखिए -** **(5)**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए -** **(2×3=6)**

(1) 'जय जन भारत' कविता के आधार पर अपने देश की विशेषताएँ लिखिए।

(2) वनदेवी को मनाने के लिए कर्मचारियों ने क्या किया?

(3) चूहा लेखक को किस प्रकार तंग किया करता था?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -** **(1×3=3)**

(1) राजा जनक की सभा में क्या हो रहा था?

(2) मेघनाद शब्द का क्या अर्थ है ?

(3) सज्जन लोगो की सम्पत्ति किस काम आती है?

**प्रश्न 6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** **(1×3=3)**

(1) देवताओं में वसुओं की संख्या ----------- है।

(2) तरूवर फल नहीं खात है -------- पियत न पान।

(3) पेड़ों पर चिडिया के अनगिनत------- है।

**प्रश्न 7. 'जय जन भारत' नामक कविता की दो पंक्तियाँ लिखिए -** (2)

**प्रश्न 8. 'रहीम के दोहे' नामक पाठ से याद किया हुआ कोई एक दोहा लिखिए -** (2)

**प्रश्न 9. विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए -** (2)

**प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए -** (1×3=3)

(1) आँधी

(2) बिजली

(3) प्रतिदिन

**प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए -** (1×3=3)

(1) बहुत

(2) अपमान

(3) दंड

**प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए -** (1/2×4=2)

(1) लघु

(2) ऋतु

(3) पिक

(4) दुग्ध

**प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण – विच्छेद कीजिए -** (1×2=2)

(1) मेघनाद

(2) भीषण

**प्रश्न 14. किन्हीं चार इन्द्रियों के नाम लिखिए -** (2×1=2)